भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4014
उत्तर देने की तारीख 12 अगस्त, 2026

लद्दाख के दूरस्थ/सीमावर्ती गांवों में उच्च गति की मोबाइल कनेक्टिविटी

4014. श्री मोहम्मद हनीफ़ा:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि बीएसएनएल के 4जी अवसंरचना की स्थापना के बावजूद कारगिल जिले के शिमशा, योरबाल्तक, अपाती, तुमाइल, खारबो, होलियाल, चेचासना, वाखा ग्याल, त्सराक्स, ब्रोक लुंगमा और हेनिस्कोट गांवों सहित कई गांवों में 4जी-संगत हैंडसेटों पर 4जी सेवाएं कथित रूप से कार्य नहीं कर रही हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) अवसंरचना को चालू करने के बावजूद इन गांवों में 4जी सेवाओं के निरंतर काम न करने के क्या कारण हैं;
(ग) क्या सरकार ने खराबी की पहचान करने और उसे सुधारने के लिए कोई तकनीकी निरीक्षण या लेखापरीक्षा किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) उक्त गांवों में पूर्णत: 4जी सेवाओं को बहाल करने की समय-सीमा क्या है; और
(ङ) लद्दाख के दूरस्था और सीमावर्ती गंवों में विश्वसनीय उच्च-गति मोबाइल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) से (घ) बीएसएनएल 700 मेगाहर्ट्ज़ फ्रीक्वेंसी बैंड के 4जी ई-नोड-बी द्वारा शिमशा, योरबाल्तक, अपाती, तुमाइल, खारबो, होलियाल, चेचासना, वाखा ग्याल, त्सराक्स, ब्रोक लुंगमा और हेनिस्कोट सहित कारगिल जिले में कवरेज प्रदान करता है। 4जी बीएसएनएल की सेवाएं इस क्षेत्र में 700 मेगाहर्ट्ज़ फ्रीक्वेंसी बैंड के सुसंगत हैंडसेट पर अच्छी तरह से काम कर रही हैं।

(ङ) दिनांक 30.6.2026 की स्थिति के अनुसार, संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख में डिजिटल भारत निधि से वित्त पोषित विभिन्न मोबाइल कनेक्टिविटी परियोजनाओं के तहत 377 टावर ऑन-एयर हैं जो 370 गाँवों/स्थानों को कवर करते हैं।

*****